वियोज्य ***DETACHABLE***

# सामान्य अध्ययन (प्रश्न-पत्र I)

# GENERAL STUDIES (Paper I)

| | |
|---|---|
| *निर्धारित समय : तीन घण्टे*<br>*Time Allowed : Three Hours* | *अधिकतम अंक : 250*<br>*Maximum Marks : 250* |

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :**

कुल बीस प्रश्न दिए गए हैं जो हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपे हैं।

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

**प्रश्न संख्या 1 से 10 तक का उत्तर 150 शब्दों में तथा प्रश्न संख्या 11 से 20 तक का उत्तर 250 शब्दों में दीजिए।**

प्रश्नों में इंगित शब्द सीमा को ध्यान में रखिए।

प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

**Please read each of the following instructions carefully before attempting questions.**

There are **TWENTY** questions printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.

All questions are compulsory.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

**Answers to Questions No. 1 to 10 should be in 150 words, whereas answers to Questions No. 11 to 20 should be in 250 words.**

Keep the word limit indicated in the questions in mind.

Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

1\. स्पष्ट करें कि मध्यकालीन भारतीय मंदिरों की मूर्तिकला उस दौर के सामाजिक जीवन का प्रतिनिधित्व करती है। (150 शब्दों में उत्तर दें)

How will you explain that medieval Indian temple sculptures represent the social life of those days? (Answer in 150 words) 10

2\. अधिकांश भारतीय सिपाहियों वाली ईस्ट इंडिया की सेना क्यों तत्कालीन भारतीय शासकों की संख्याबल में अधिक और बेहतर सुसज्जित सेना से लगातार जीतती रही? कारण बताएं। (150 शब्दों में उत्तर दें)

Why did the armies of the British East India Company – mostly comprising of Indian soldiers – win consistently against the more numerous and better equipped armies of the then Indian rulers? Give reasons. (Answer in 150 words) 10

3\. औपनिवेशिक भारत की अठारहवीं शताब्दी के मध्य से क्यों अकाल पड़ने में अचानक वृद्धि देखने को मिलती है? कारण बताएं। (150 शब्दों में उत्तर दें)

Why was there a sudden spurt in famines in colonial India since the mid-eighteenth century? Give reasons. (Answer in 150 words) 10

4\. प्राथमिक चट्टानों की विशेषताओं एवं प्रकारों का वर्णन कीजिए। (150 शब्दों में उत्तर दें)

Describe the characteristics and types of primary rocks. (Answer in 150 words) 10

5\. भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा चक्रवात प्रवण क्षेत्रों के लिए मौसम-सम्बन्धी चेतावनियों के लिए निर्धारित रंग-संकेत के अर्थ की चर्चा करें। (150 शब्दों में उत्तर दें)

Discuss the meaning of colour-coded weather warnings for cyclone prone areas given by India Meteorological Department. (Answer in 150 words) 10

6\. 'दक्कन ट्रैप' की प्राकृतिक संसाधन-सम्भावनाओं की चर्चा कीजिए। (150 शब्दों में उत्तर दें)

Discuss the natural resource potentials of 'Deccan Trap'. (Answer in 150 words) 10

7\. भारत में पवन ऊर्जा की संभावना का परीक्षण कीजिए एवं उनके सीमित क्षेत्रीय विस्तार के कारणों को समझाइए। (150 शब्दों में उत्तर दें)

Examine the potential of wind energy in India and explain the reasons for their limited spatial spread. (Answer in 150 words) 10

8. पारिवारिक सम्बन्धों पर 'वर्क फ्रॉम होम' के असर की छानबीन तथा मूल्यांकन करें।
(150 शब्दों में उत्तर दें)

Explore and evaluate the impact of 'Work From Home' on family relationships. (Answer in 150 words) 10

9. उपभोक्ता संस्कृति के विशेष परिप्रेक्ष्य में नव मध्यवर्ग के उभार से टीयर 2 शहरों का विकास किस तरह सम्बन्धित है ? (150 शब्दों में उत्तर दें)

How is the growth of Tier 2 cities related to the rise of a new middle class with an emphasis on the culture of consumption ? (Answer in 150 words) 10

10. भारत के जनजातीय समुदायों की विविधताओं को देखते हुए किस विशिष्ट सन्दर्भ के अन्तर्गत उन्हें किसी एकल श्रेणी में माना जाना चाहिए ? (150 शब्दों में उत्तर दें)

Given the diversities among tribal communities in India, in which specific contexts should they be considered as a single category ? (Answer in 150 words) 10

11. राज्यों एवं प्रदेशों का राजनीतिक और प्रशासनिक पुनर्गठन उन्नीसवीं शताब्दी के मध्य से निरंतर चल रही एक प्रक्रिया है। उदाहरण सहित विचार करें। (250 शब्दों में उत्तर दें)

The political and administrative reorganization of states and territories has been a continuous ongoing process since the mid-nineteenth century. Discuss with examples. (Answer in 250 words) 15

12. भारतीय परम्परा और संस्कृति में गुप्त-काल और चोल-काल के योगदान पर चर्चा करें।
(250 शब्दों में उत्तर दें)

Discuss the main contributions of Gupta period and Chola period to Indian heritage and culture. (Answer in 250 words) 15

13. भारतीय मिथक, कला और वास्तुकला में सिंह एवं वृषभ की आकृतियों के महत्व पर विचार करें।
(250 शब्दों में उत्तर दें)

Discuss the significance of the lion and bull figures in Indian mythology, art and architecture. (Answer in 250 words) 15

14. समुद्री धाराओं को प्रभावित करने वाली शक्तियाँ कौन सी हैं ? विश्व के मत्स्य-उद्योग में इनके योगदान का वर्णन करें। (250 शब्दों में उत्तर दें)

What are the forces that influence ocean currents ? Describe their role in fishing industry of the world. (Answer in 250 words) 15

15. रबर उत्पादक देशों के वितरण का वर्णन करते हुए उनके द्वारा सामना किए जाने वाले प्रमुख पर्यावरणीय मुद्दों को इंगित कीजिए। (250 शब्दों में उत्तर दें)

Describing the distribution of rubber producing countries, indicate the major environmental issues faced by them. (Answer in 250 words) 15

16. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में जलसंधि व स्थलसंधि के महत्त्व का उल्लेख कीजिए।
(250 शब्दों में उत्तर दें)

Mention the significance of straits and isthmus in international trade.
(Answer in 250 words) 15

17. क्षोभमंडल वायुमंडल का एक महत्त्वपूर्ण परत है जो मौसम प्रक्रियाओं को निर्धारित करता है। कैसे ? (250 शब्दों में उत्तर दें)

Troposphere is a very significant atmospheric layer that determines weather processes. How ? (Answer in 250 words) 15

18. भारतीय समाज में जाति, क्षेत्र तथा धर्म के समानांतर 'पंथ' की विशेषता की विवेचना कीजिए।
(250 शब्दों में उत्तर दें)

Analyse the salience of 'sect' in Indian society vis-a-vis caste, region and religion.
(Answer in 250 words) 15

19. क्या सहिष्णुता, सम्मिलन एवं बहुलता मुख्य तत्त्व हैं जो धर्मनिरपेक्षता के भारतीय रूप का निर्माण करते हैं ? तर्कसंगत उत्तर दें। (250 शब्दों में उत्तर दें)

Are tolerance, assimilation and pluralism the key elements in the making of an Indian form of secularism ? Justify your answer. (Answer in 250 words) 15

20. अपर्याप्त संसाधनों की दुनिया में भूमंडलीकरण एवं नए तकनीक के रिश्ते को भारत के विशेष सन्दर्भ में स्पष्ट करें। (250 शब्दों में उत्तर दें)

Elucidate the relationship between globalization and new technology in a world of scarce resources, with special reference to India. (Answer in 250 words) 15